

02 कॉलेज में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04 सेक्टर-82 में बेटी जन्म पर किया कुआं पूजन



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, मंगलवार, 12 अप्रैल, 2022

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2079, चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी, मूल्य 2.00 रुपए


# होनहार व आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

## आज समाज नेटवर्क



समझौता ज्ञापन को दिखाते हुए।

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ और सेवा भारती, हरियाणा प्रदेश के बीच एक समझौता ज्ञापन हुआ। इस मौके पर अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता और सेवा भारती के विभाग प्रमुख विजय गुप्ता, विभाग प्रमुख आत्म प्रकाश, सेवा भारती, फरीदाबाद महानगर के अध्यक्ष गिरधारी लाल बंसल व उपाध्यक्ष तरूण कुमार उपस्थित रहे।

इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को रोजगार उन्मुख, कम्प्यूटर स्किल टैली लेखांकन सोफ्टवेयर प्रमुख रुप से सिखाया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता ने बताया कि आधुनिक समय में कम्प्यूटर लेखांकन के क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस समझौता ज्ञापन से महाविद्यालय के आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी अपने कैरीयर को नई दिशा प्रदान कर सकते है।